# सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले बांग्लादेश के उच्चायुक्त, कहा- निवेशकों के लिए यूपी में अनेक संभावनाएं,

Author: **Umesh Tiwari**

Publish Date: Wed, 11 May 2022 12:44 AM (IST) | Updated Date: Wed, 11 May 2022 12:44 AM (IST)



सीएम योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद इमरान से मुलाकात के दौरान बांग्लादेश के निवेशकों एवं उद्यमियों के प्रति आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार एवं जनता आपसी सहयोग सर्वोत्तम कारोबारी माहौल एवं दक्षिण एशिया में प्रमुख आर्थिक भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध एवं आशान्वित है।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद इमरान ने मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अलग-अलग मुलाकात कर बांग्लादेश व उत्तर प्रदेश के मध्य संबंधों को और मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया। सीएम योगी ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के मध्य इतिहास, भाषा, संस्कृति सहित कई समानताएं हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिधान एवं वस्त्रों के क्षेत्र में प्रोद्यौगिकी के आदान-प्रदान एवं सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत का तीसरा सबसे बड़ा फैब्रिक उत्पादक राज्य है। बांग्लादेश के निवेशकों के लिए प्रदेश में फैब्रिक उत्पादन, बुनाई, कताई तथा रक्षा उत्पाद आदि क्षेत्रों में अनेक अवसर हैं। प्रदेश में निवेश एवं रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत बांग्लादेश हरित प्रोद्यौगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा तथा आइटी एवं डिजिटल प्लेटफार्म जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग का इच्छुक है। दोनों देश निवेश के संभावित क्षेत्रों की खोज के साथ-साथ रक्षा उपकरणों, वैक्सीन एवं अन्य औषधियों के संयुक्त उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रनिक्स के अलावा डाटा सेंटर के निवेश के हब के रूप में उभरा है। आगरा, अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, झांसी एवं चित्रकूट में उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश के निवेशकों एवं उद्यमियों के प्रति आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार एवं जनता आपसी सहयोग, सर्वोत्तम कारोबारी माहौल एवं दक्षिण एशिया में प्रमुख आर्थिक भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध एवं आशान्वित है।